# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–फतेहपुर मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक– 28.04.2025 को आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहें–

- श्री प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला विकास अधिकारी, फतेहपुर।
- श्री अनुराग गौतम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री शिवम यादव, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री कैलाश चन्द, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री अरविन्द कुमार रघुवंश, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री राज मुनि यादव, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० फतेहपुर।
- श्री हरिओम, अवर अभियन्ता, यान्त्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
- श्री कृष्ण कुमार खरे, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, क्लस्टर–प्रयागराज, फतेहपुर।
- श्री गिरी बाबू, प्रतिनिधि, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री पी० के० सिंघल, प्रतिनिधि, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री मनोज तिवारी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री कृष्ण मौर्या, प्रतिनिधि, मे0बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री शिवेश कुमार, प्रतिनिधि, मे0 गायत्री रैमिकी प्रा०लि० जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री अचल कुमार, प्रतिनिधि, सण्डिगो सोलर साल्यूशन प्रा0लि0, फतेहपुर।

समीक्षा बैठक मे अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विगत माह समीक्षा के दौरान दिए गये लक्ष्य के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाओ द्वारा किये गये लक्ष्य पूर्ति का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा के उपरांत अगले माह हेतु कार्यदायी संस्थाओं को लक्ष्य दिया गया जो निम्नवत है:-

| फर्म का नाम | कार्य समय | ट्यूबवेल | पम्प | सोलर | इलेक्ट्रिसिटी | पम्प हाउस | पइप लाइन (कि0मी0 में) | OHT | रोड रेस्टोरेशन (कि0मी0) | रेगुलर वाटर सप्लाई (ग्राम) | HGJ (ग्राम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| मे० पावरमेक – मे० भूरथनम (जे०वी०) | कुल लक्ष्य | 452 | 452 | 341 | 111 | 452 | 5345 | 427 | 3299 | 425 | 733 |
| | 25 अप्रैल तक कुल उपलब्धि | 442 | 316 | 172 | 65 | 336 | 5023 | 128 | 3157 | 76 | 55 |
| | 21 मार्च का लक्ष्य | 10 | 27 | 37 | 23 | 39 | 166 | 43 | 93 | 91 | 45 |
| | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति | 0 | 18 | 9 | 2 | 21 | 0 | 25 | 21 | 14 | 3 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 10 | 9 | 16 | 10 | 10 | 35 | 14 | 20 | 17 | 17 |
| मे० बाबा जी० ए० इन्फ्रा (जे०वी०) | कुल लक्ष्य | 77 | 77 | 39 | 38 | 77 | 954 | 68 | 557 | 67 | 122 |
| | 25 अप्रैल तक कुल उपलब्धि | 73 | 68 | 27 | 17 | 60 | 880 | 21 | 540 | 4 | 6 |
| | 21 मार्च का लक्ष्य | 4 | 9 | 12 | 8 | 17 | 60 | 10 | 58 | 55 | 25 |
| | लक्ष्यें के सापेक्ष पूर्ति | 0 | 2 | 3 | 2 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 1 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 20 | 6 | 3 | 5 | 3 |
| मे० गायत्री – रैमिकी (जे०वी०) / सबलेट्स | कुल लक्ष्य | 190 | 190 | 161 | 29 | 190 | 1528 | 170 | 1067 | 170 | 325 |
| | 25 अप्रैल तक कुल उपलब्धि | 190 | 173 | 115 | 23 | 170 | 1512 | 101 | 1031 | 80 | 74 |
| | 21 मार्च का लक्ष्य | 0 | 17 | 30 | 14 | 21 | 15 | 25 | 158 | 85 | 56 |
| | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति | 0 | 1 | 3 | 2 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 5 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 0 | 5 | 3 | 3 | 8 | 5 | 5 | 10 | 10 | 6 |
| सभी कार्यदायी संस्थाओ का कुल लक्ष्य | | 719 | 719 | 541 | 178 | 719 | 7827 | 665 | 4923 | 662 | 1180 |
| सभी कार्यदायी संस्थाओ की कुल उपलब्धि | | 705 | 557 | 314 | 105 | 566 | 7415 | 250 | 4728 | 160 | 135 |

1. **मे० पावरमेक – मे० भूरथनम (जे०वी०):**
मे० पावरमेक भूरथनम (जे०वी०) को 10 ट्यूबवेल बोर करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष उपलब्धि शून्य रही। प्रगति शून्य होने के सम्बन्ध मे संस्था द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, जिसके सम्बन्ध में चेतावनी दी गयी। संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की 15 जून तक सभी अवशेष 10 बोर पूर्ण कर लिए जायेगें। 27 पम्प के लक्ष्य के सापेक्ष 18 पम्प की पूर्ति की गयी जिसके क्रम में संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि शेष 9 पम्प अगले 15 दिनों में लगा दिए जायेगें। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिसिटी, पाइप लाइन तथा हर घर जल की प्रगति अत्यंत ख़राब रही जिसके लिए चेतावनी दी गयी। निर्देशित किया गया कि दिए गये लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।
2. **मे० बाबा जी० ए० इन्फ्रा (जे०वी०):**
दिए गये लक्ष्य 10 के सापेक्ष ओवर हेड टैंक में 8 की पूर्ति की गयी एवं अन्य सभी मदों में प्रगति खराब रही। जिसके लिए चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिए गये लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।
3. **मे० गायत्री – रैमिकी (जे०वी०) / सबलेट्स:**
मे० गायत्री रैमिकी द्वारा भी विगत माह दिए गये लक्ष्य के सापेक्ष की पूर्ति अत्यंत ख़राब रही। कार्यदायी संस्था को दिए गये लक्ष्य की पूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
4. विद्युत कनेक्शन की समीक्षा मे कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पैसा जमा किया जा चुका है किन्तु अभी तक कनेक्शन मिलना शेष है। निर्देशित किया गया कि सभी कार्यदायी संस्थाएं जिन योजनाओं का पैसा जमा कर चुकी है उसकी सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध करायें। जिनके द्वारा जिलाधिकारी महोदय अथवा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में अधिशासी अभियंता विद्युत खण्ड की बैठक कराकर निराकरण कराया जाये।
**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण))**
5. जनपद मे चार योजनाओं मे सलाईन वाटर से सम्बन्धित समस्या के सम्बन्ध मे सहायक अभियन्ता (ई०&एम०) द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले माह बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन में आस पास के बोर की जाँच करायी गयी किन्तु सभी जगह 30 – 40 मीटर के नीचे खारा पानी पाया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि आस पास की पेयजल योजनाओं से जोड़ने सम्बन्धी स्थिति का आकलन व निरीक्षण कर समाधान कराया जाये।
**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व सहायक अभियन्ता (ई०&एम०)**
6. रोड रेस्टोरेशन के कार्य की समीक्षा के दौरान पाया गया कि खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम सचिवों से प्राप्त सूचना के अनुसार 648 राजस्व ग्रामो के सापेक्ष मात्र 159 ग्रामो में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण पाया गया है। जिसका विवरण निन्नवत् है।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | रोड़ रेस्टोरेशन की सूचना | सत्यापन | |
|---|---|---|---|---|
| | | | रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो गया | रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य अपूर्ण है |
| 1 | अमौली | 15 | 09 | 06 |
| 2 | ऐरायां | 37 | 00 | 37 |
| 3 | असोथर | 12 | 00 | 12 |
| 4 | बहुआ | 83 | 60 | 23 |
| 5 | भिटौरा | 44 | 27 | 17 |
| 6 | देवमई | 222 | 00 | 222 |
| 7 | धाता | 50 | 00 | 50 |
| 8 | हसवां | 35 | 04 | 31 |
| 9 | हथगावं | 79 | 09 | 70 |
| 10 | खजुहा | 16 | 04 | 12 |
| 11 | मलवां | 17 | 09 | 08 |
| 12 | तेलियानी | 38 | 37 | 01 |
| 13 | विजयीपुर | 00 | 00 | 00 |
| | योग– | 648 | 159 | 489 |

संस्थाओं द्वारा अधूरे रोड़ रेस्टोरेशन के कार्य की सूची भेजी जाती है। जिसमे निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त का सत्यापन करते हुये पुनः सूची प्रस्तुत करें। आप सभी कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी दी जाती है कि यदि किसी भी संस्था द्वारा आपके गलत सूचना प्रस्तुत की गयी तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। अतः अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्रामो का रोड़ रेस्टोरेशन बरसात के पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, तथा जिन ग्रामो में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें ताकि सत्यापन कराया जा सके।
**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

7. हर घर जल प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओ द्वारा बताया गया कि हर घर जल प्रमाणीकरण में कुछ प्रधानो व सचिवों द्वारा हीला हवाली की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों मे इस प्रकार की समस्या हो उसकी सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध करायी जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) / डी०पी०आर०ओ०)**

8. DPM- TPI मेधज टेक्नो कान्सेप्ट द्वारा बैठक में NC की Compliances रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत किया गया जो निम्नवत है :-

| TKC Name | Date | Critical NC | Critical Complaince |
|---|---|---|---|
| M/s Gayatri – Ramky (JV) | 21.03.2025 | 299 | 53 |
| | 28.04.2025 | 311 | 75 |
| M/s GA Infra – Baba (JV) | 21.03.2025 | 129 | 35 |
| | 28.04.2025 | 141 | 57 |
| M/s PMPL – BRCCPL (JV) | 21.03.2025 | 694 | 163 |
| | 28.04.2025 | 735 | 218 |
| Overall | 21.03.2025 | 1122 | 251 |
| | 28.04.2025 | 1187 | 350 |

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा NC का संतोषजनक अनुपालन नहीं किया गया है तथा निर्देशित किया गया कि अगले माह तक शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही –समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

9. जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि पांच हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों मे प्राथमिकता के आधार पर पहले कार्य कराया जाये। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया किया कि सभी कार्यदायी संस्थाओं को पांच हज़ार से अधिक आबादी वाली योजनाओं की सूची उपलब्ध करायी जाये।

**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

10. मे० पावरमेक भूरथनम (जे०वी०) की FHTC की प्रगति 90% से कम पायी गयी, जिसके कारण जनपद की स्थिति अत्यत खराब है जिसके क्रम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाकर अगले माह तक 95% का लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मे० बाबा जी०ए० इन्फ्रा भी अपनी प्रगति 95% करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही –मे० पावरमेक भूरथनम (जे०वी०))**

11. जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायते प्राप्त हो रही है कि कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। गर्मी की दृष्टि से मैनपावर को बढ़ाते हुये पेयजल सुविधाओं हेतु कार्य को प्राथमिकता से करायें साथ ही कार्य पूर्ण कराते हुये रोड़ रेस्टोरेशन की कार्यवाही नियमानुसार कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

12. कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के क्रम में निर्देशित किया गया कि कार्य की गुणवत्ता व मानक के अनुसार सामग्री के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा ससमय निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति की जाये।

**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

13. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि माननीय विधायकगण / माननीय सांसद व माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गयी शिकायतों का निस्तारण अविलम्ब करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

इसी के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

**(पवन कुमार मीना)**
**मुख्य विकास अधिकारी**
**फतेहपुर**

पृ०सं०: 1796 / M-9 / 27 दिनांक: 28-05-2025

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा (ग्रामीण) जलापूर्ति विभाग, लखनऊ महोदय की सेवा में सादर अवलोनार्थ।

2. मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज महोदय की सेवा में सादर अवलोनार्थ।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
5. जिलाधिकारी महोदय, फतेहपुर को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
6. जिला विकास अधिकारी, फतेहपुर को सादर सूचनार्थ।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, फतेहपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
9. अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
10. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU),फतेहपुर।
11. डी0पी0एम0, मे0 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 प्रयागराज, क्लस्टर फतेहपुर।
12. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0गायत्री–रैमकी (जे0वी0) जनपद–फतेहपुर।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर,मे0 पावरमेक / भूरथनम (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
14. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0इन्फ्रा (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
फतेहपुर